# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुवाँरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in

E-mail ID – registrar@msuniversity.ac.in


पत्रांक : 262/03/NSS/एम.एस.यू./2025–26 दिनांकः 10-06-2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।

**विषयः– 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2025' के अन्तर्गत दिनांक 21.06.2025 को वृहद् महायोग का आयोजन किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश शासन एवं राजभवन, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार कुलपति महोदया की अध्यक्षता में दिनांक 05.06.2025 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2025 की तैयारी के सम्बन्ध में सम्पन्न हुई बैठक में 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2025' के अवसर पर विश्वविद्यालय एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों में दिनांक 21.06.2025 को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत निम्नलिखित दिशा–निर्देश दिये गये–

01. 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2025' के सफल आयोजन हेतु प्रत्येक महाविद्यालय में प्राचार्य अथवा प्राचार्य के द्वारा नामित एक नोड़ल अधिकारी/पर्यवेक्षक होगा, जिसकी देख–रेख में कार्यक्रम आयोजित होगा तदोपरान्त इसकी विस्तृत रिपोर्ट/आख्या, जियो टैग फोटोग्राफ्स एवं विडियों इत्यादि सहित डा0 रामकुमार, कार्यक्रम समन्वक, राष्ट्रीय सेवा योजना, माँ शांकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर को दिनांक 26.06.2025 तक प्रेषित करेंगे।
02. 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2025' के अवसर पर दिनांक 21.06.2025 को एक वृहद् महायोग का आयोजन किया जायेगा, उक्त कार्यक्रम में समस्त प्रतिभागियों हेतु परिधान सफेद टी–शर्ट अथवा कुर्ते में ही दिनांक 21.06.2025 को सूर्यनमस्कार, योग कार्यक्रम किया जायेगा।

अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2025' के सम्बन्ध में **दिनांक 13.06.2025 को एक Zoom Meeting** आयोजित की जानी है। **जनपद सहारनपुर की प्रातः 10:30 बजे से एवं जनपद मुजफ्फरनगर व शामली की प्रातः 11:30 बजे Zoom Meeting** आयोजित होगी, जिसमें सभी की सहभागिता अनिवार्य है।

मा0 कुलाधिपति, उत्तर प्रदेश द्वारा दिये गये निर्देशानुसार अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिनांक 21.06.2025 को ऑफलाइन कार्यक्रमों का आयोजन अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करें।

Zoom Meeting का लिंक निम्नवत् है–

01- जनपद सहारनपुर – Meeting ID: 898 0805 8618
Passcode: 834009

02- जनपद मुजफ्फरनगर व शामली – Meeting ID: 829 1431 4275
Passcode: 836045

भवदीय,

कुलसचिव

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

01. प्रो0 विनोद कुमार, शैक्षणिक समन्वयक, विश्वविद्यालय परिसर।
02. प्रो0 सुधीर पुण्डीर, संयोजक/प्रो0 सन्दीप गुप्ता, नोड़ल अधिकारी, अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2025 को इस आशय से प्रेषित वह सम्बन्धित महाविद्यालयों से समन्वय स्थापित कर योग महोत्सव को दिनांक 21.06.2025 को कार्यक्रमों का सफल आयोजन कराना सुनिश्चित करें।
03. परीक्षा नियंत्रक।
04. वित्त अधिकारी।
05. समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना।
06. समस्त सहायक कुलसचिव।
07. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
08. गार्ड फाईल।

उपकुलसचिव